जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

11 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र मुन्ना खालिद ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीएचडी छात्र मुन्ना खालिद ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में तीन अलग-अलग श्रेणियों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। चैंपियनशिप का आयोजन बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा युगांडा के कंबाला में दिनांक 1 से 7 जुलाई 2024 तक किया गया । इस चैंपियनशिप में विश्व भर के अनेक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मुन्ना खालिद ने फाइनल में शीर्ष रैंक वाली ब्राजीलियाई खिलाड़ियों में से एक खिलाड़ी जूली गोडॉय को तीन सेटों (14-21, 21-19 और 21-18) में पराजित किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया । वह डबल फाइनल में ब्राजीलियाई जोड़ी से हार गए और मिक्स्ड डबल में कांस्य पदक जीता।

हाल ही में मार्च के महीने में मुन्ना खालिद ने छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता और पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में भाग लिया। दिसंबर 2023 में मुन्ना खालिद ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 में कांस्य पदक जीता। मुन्ना खालिद का लक्ष्य आगामी एशियाई खेलों और पैरालिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके विश्वविद्यालय तथा देश को गौरव दिलाना है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. शकील अहमद ने मुन्ना खालिद को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुन्ना खालिद वर्तमान समय में जामिया के हिंदी विभाग से पीएचडी कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से बीए, एमएसडब्ल्यू और एमए (हिंदी) भी पूरा किया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया